तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 11.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025


14 श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु ...


14 कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान श्रीराम के विरोधीः भाजयुमो



## खबर संक्षेप

### 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने सरगीडीह टिकरा कच्चे रास्ते पर स्थित महुआ पेड़ के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी रामलाल मांझी पिता विश्वनाथ मांझी (36 वर्ष) खैरटकला चौकी टुहलू थाना कोमाखान के कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### युवक के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना के वार्ड नंबर 2 में अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी हरिश ओगरे उर्फ सोनू पिता अशोक ओगरे (19 साल) निवासी वार्ड नं. 02 बसना के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### बाइक के अनियंत्रित होने से एक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम दुलारपाली एवं जम्हारी के बीच अंधे मोड़ में अनियंत्रित होकर बाइक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच में पाया कि मृतक नरेंद्र नायक पिता सोम सिंह नायक (42 वर्ष) चकरदा थाना सरायपाली 26 दिसंबर की रात 11 बजे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जीवी V8996 को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने के कारण दुलारपाली और जम्हारी के बीच अंधे मोड़ में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में सरायपाली पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जमीन संबंधी बात को लेकर देवर ने की मारपीट

**महासमुंद।** जमीन संबंधी बात को लेकर एक महिला के साथ उसके देवर ने मारपीट कर दी। मामला सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम भोकलूडीह का है। महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सुप्रिया ठाकुर पति मनोज ठाकुर (39 साल) ग्राम भोकलूडीह ने बताया कि 28 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे उसके देवर हुबलाल ठाकुर ने घर के सामने आकर जमीन संबंधी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ में रखे डंडा से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# नए साल पर सिरपुर आएंगे केंद्रीय मंत्री शेखावत, करेंगे पुरातात्विक स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जजिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर में आगामी 01 जनवरी को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने सिरपुर पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने लक्ष्मण मंदिर, बौद्ध विहार परिसर, उत्खनन स्थलों सहित अन्य प्रमुख पुरातत्व स्थलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्थलों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था, सूचना पट्टिकाओं तथा पर्यटकों की सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों की संरक्षण संबंधी आवश्यक तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने कहा कि सिरपुर न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है। केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित निरीक्षण से सिरपुर के विकास और संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। ताकि, कार्यक्रम सफल और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सिरपुर के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में पर्यटन विकास को लेकर चल रही योजनाओं एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुरातत्व, पर्यटन विभाग के अधिकारी, संस्कृति विभाग के अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## पर्यटन मंत्री अग्रवाल पहुंचे सिरपुर, लिया तैयारियों का जायजा





### पर्यटन के विश्व पटल पर जल्द उभरेगा सिरपुर



जिले की ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर को पर्यटन के विश्व पटल पर स्थापित करने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात कर सिरपुर के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। विधायक सिन्हा ने कहा कि सिरपुर एक प्राचीन, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल होने के साथ-साथ विश्व धरोहर के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। बैठक में उन्होंने भोरमदेव कॉरिडोर की तर्ज पर सिरपुर में भी पर्यटन कॉरिडोर विकास के लिए रोडमैप तैयार करने के प्रारूप पर चर्चा की। इसके साथ ही कोडार जलाशय को सिरपुर के पर्यटन परिपथ से जोड़ने का प्रस्ताव रखा।

## कार्रवाई : उमरदा के तीन लोग गिरफ्तार, शिकार में उपयोग सामग्री जब्त

# करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार, तीन ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मामला महासमुंद वन रेंज के ग्राम उमरदा का वन्य संरक्षण के तहत की गई कार्रवाई

जंगली सुअर का शिकार करने वाले तीन लोगों पर वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। मामला महासमुंद वन रेंज के ग्राम उमरदा का है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दिया गया है।

वन्य जीव के शिकार की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने वनमंडलाधिकारी महासमुंद मयंक पांडेय के मार्गदर्शन एवं उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद गोविंद सिंह के निर्देशन पर परिक्षेत्र अधिकारी महासमुंद सियाराम कर्माकर के नेतृत्व में महासमुंद वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उमरदा पहुंची, जहां चेतन पिता तेजूराम लोहार, अशोक नेताम पिता सोनऊ भुंजिया, अशोक यादव पिता लटिंग रावत के घर छापा मारा। वहां सभी के घर से एक मृत जंगली सुअर का मांस (कुल मात्रा लगभग 20 किलोग्राम) और शिकार हेतु उपयोग में लाया गया जीआई तार, फरसा, कुल्हाड़ी, हंसिया, प्लॉस्टिक बैग, बर्तन, तराजू-बाट, बरामद किया गया।



पूछताछ में 03 आरोपियों ने बताया कि जंगली सुअर का शिकार 26 दिसंबर की रात्रि में वन कक्ष क्रमांक 64 से लगे खेतों में लगभग 03 कि.मी. जीआई तार में करंट प्रवाहित किया गया एवं 27 दिसंबर की सुबह 6 बजे शिकार किये गये मृत जंगली सुअर को तालाब के ऊपर खार में सुनसान जगह में ले जाकर काटकर 03 हिस्सों में बांटकर अपने-अपने घर लाये और पकाकर खाने की तैयारी कर रहे थे।

उसी दौरान वन विभाग अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा दबिश देकर मौके से कच्चा मांस एवं शिकार में प्रयुक्त सामग्रीजब्त की गई। मामले में गिरफ्तार आरोपियों पर भारतीय वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की धारा 9 सहपठित धारा 2 (20), 39 (3),क,48 क धारा 50(1), धारा 51 के अंतर्गत विधिवत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसके बाद न्यायालय महासमुंद के आदेशानुसार 28 दिसंबर को जिला जेल भेजा गया। कार्रवाई में सतीश पटेल वनपाल, मुन्नालाल त्रिपाठी वनपाल, दीपक शर्मा, कौशल कुमार आड़िल, पदुम गोनार, नरेंद्र बंसोड वनरक्षक, दुर्गेश, गोवर्धन, हेमंत, रघु, चंदू, योगेश एवं अन्य वन कर्मचारी शमिल रहे।

# बाइक से गांजा परिवहन, महिला व पुरूष गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक पुरूष और महिला को गिरफ्तार किया गया है। मामले में सिंघोड़ा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज चार लाख रुपए का 8 किलो गांजा जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 29 दिसंबर मुखबिर से सूचना मिली कि एक काला नीला कलर का एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 जेडएल 5219 में एक महिला एवं एक पुरूष सवार होकर अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिए की बाइक वहां आई। जिसमें एक पुरूष एवं एक महिला सवार थे। जिन्हें रोककर नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम ओंकार कुशवाहा पिता हरिलाल कुशवाहा (38 साल) खम्हरिया थाना इंद्राणा जिला जबलपुर मप्र तथा मोटर सायकल के पीछे बैठी महिला ने अपना नाम सपना बेन पति कैलाश बेन (31 साल) 82 शांतिनगर समता कालोनी दमोह नाका थाना गोहलपुर जिला जबलपुर मप्र होना बताया। पुलिस ने जब संदेहियों के बैग की तलाशी ली तो उसमें 8 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 400000 रुपए होना पाया गया, जिसे जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से बाइक, मोबाइल भी बरामद किए गए। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (बी)(ii)(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# ईडी की बड़ी दबिश, नगर में दो जगहों पर छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ईडी की टीम ने सोमवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में हुए करोड़ों रुपये के कथित मुआवजा घोटाले की जांच में शहर में दो ठिकानों में छापामारी की। सोमवार सुबह से ही ईडी की रायपुर जोनल यूनिट ने महासमुंद और रायपुर के कुल 9 ठिकानों पर एक साथ सर्च ऑपरेशन चलाया। मिली जानकारी के अनुसार, ईडी की टीमें सोमवार करीब 6 बजे सुरक्षा बलों के साथ





चिन्हित ठिकानों पर पहुंचीं। शहर के मेघ बसंत निवासी जसबीर सिंह बग्गा और हरमीत सिंह खनूजा के रिश्तेदार हरमीत चावला के गुरुद्वारा के पीछे स्थित निवास में दबिश दी गई। पूरी कार्रवाई भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे रायपुर-विशाखापट्टनम आर्थिक कॉरिडोर में हुए भूमि अधिग्रहण से जुड़ी है। आरोप है कि इस प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों के बदले मिलने वाली मुआवजा राशि में भारी अनियमितताएं और धोखाधड़ी की गई है। फिलहाल ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### जब पड़ोसी के घर पहुंच गई टीम

ईडी की टीम सुबह जब दबिश देने पहुंची तो हरमीत चावला के स्थान पर टीम ने पड़ोस के एक अन्य परिवार का दरवाजा खटखटाया। परंतु स्वयं के हरमीत चावला होने की बात से इनकार किए जाने के बाद टीम के सदस्यों ने ऊपरी अफसरों को इस बात की जानकारी दी। बाद में अपना पहचान पत्र दिखाए जाने के बाद टीम सही स्थान पर पहुंची।

# तीन हजार की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली पुलिस ने घर के पीछे खुली बाड़ी में पैरावट में छिपाकर रखी गई शराब को बरामद किया है। पुलिस मुखबिर सूचना के बाद आरोपी गुलादास मानिकपुरी पिता स्व सेवादास मानिकपुरी (47 साल) नूनपानी थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए तथा एक शराब बनाने का एल्युमीनियम का बड़ा व छोटा बर्तन, स्टील की थाली व एक प्लास्टिक पाईप जुमला कीमत 5000 रुपए कुल 8000 रुपए का सामान जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह आरोपी नेताराम भारती पिता स्व. धनीराम भारती (62 साल) नूनपानी के कब्जे से उसके खेत में बनी झोपड़ी के पास कुल 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए, दो नग इस्तेमाली एल्युमीनियम का बड़ा बर्तन कीमत लगभग 2000 रुपए कुल 4000 रुपए के सामान को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय हड़ताल का रहा प्रथम दिन

# सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल शुरू, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले सहित प्रदेश भर के सरकारी सेवकों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय काम बंद, कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर सोमवार से इस आंदोलन में जिले के लगभग 15 से 20 हजार अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं, जिसके कारण कलेक्ट्रेट सहित तमाम सरकारी विभागों में सन्नाटा पसरा रहा और कामकाज पूरी तरह ठप रहे।

फेडरेशन के जिला संयोजक सिराज बख्श और प्रवक्ताओं ने बताया कि कर्मचारी पिछले कई वर्षों से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं।




उनकी मुख्य मांगों है कि केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करना। 5 वर्षों से लंबित एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करना। चार स्तरीय समयमान वेतनमान और पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना। अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा को शिथिल करना और सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करना।

अनियमित व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा सामिल है। आंदोलनकारी कर्मचारी जिला मुख्यालय के लोहिया चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी कर रहे हैं। हड़ताल के तीसरे दिन यानी 31 दिसंबर को विशाल रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### शिक्षा व्यवस्था पर संकट परीक्षाएं प्रभावित

हड़ताल का सबसे गंभीर असर शिक्षा विभाग पर देखने को मिल रहा है। जिले में बड़ी संख्या में शिक्षकों के हड़ताल पर होने से स्कूलों में अध्यापन कार्य बंद है। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 जनवरी से कक्षा 1ली से 8वीं तक की छमाही परीक्षाओं की घोषणा की है। हड़ताल 31 दिसंबर तक चलेगी, जिसके बाद 1 जनवरी को कर्मचारी ड्यूटी पर लौटेंगे और अगले ही दिन से परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षा के ठीक पहले तीन दिनों तक स्कूल बंद रहने से छात्र-छात्राओं की तैयारी पर बुरा असर पड़ रहा है।

# धान खरीदी में अव्यवस्था, जिलाध्यक्ष ने किया घोंच और सोनेसिल्ली केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव ने सोमवार को ग्राम घोंच और सोनेसिल्ली के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर भारी अव्यवस्था और किसानों की समस्याएं खुलकर सामने आईं। जिलाध्यक्ष यादव ने बताया कि ग्राम घोच में स्थिति चिंताजनक है, जहां लगभग 14,000 क्विंटल धान की खरीदी शेष है, जिसे समय पर पूरा कर पाना मुश्किल लग रहा है। यहां किसानों का डिजिटल वेरिफिकेशन नहीं हो पा रहा है और न ही नियमानुसार फोटो ली जा रही है। सबसे गंभीर शिकायत तौल को लेकर मिली। घोंच में किसानों से तय सीमा से 400 ग्राम अधिक धान लिए जाने की बात सामने आई। सोनासिल्ली केंद्र में लगभग 12,000 से 13,000 क्विंटल धान की खरीदी शेष बाकी है। उन्होनें कहा कि यदि यही गति रही, तो क्षेत्र के सैकड़ों किसान अपना धान बेचने से वंचित रह जाएंगे।

### भ्रष्टाचार का आरोप, विपणन विभाग और एफसीआई के टेंडर में करोड़ों के खेल का खुलासा



**महासमुंद।** विपणन विभाग और एफसीआई में धान की लोडिंग-अनलोडिंग और परिवहन टेंडर को लेकर बरती जा रही अनियमितता को उजागर करते हुए सिद्धि विनायक फर्म के संचालक विकास कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान विभाग के अधिकारियों और बड़े पूंजीपति ठेकेदारों के बीच सिंडीकेट होने का गंभीर आरोप लगाया। विकास कुमार का कहना है कि उन्हें जानबूझकर टेंडर प्रक्रिया से बाहर किया गया। उन्होंने बताया कि , मुझे दस्तावेजों की कमी सुधारने के लिए 48 घंटे का समय और आश्वासन दिया गया।, लेकिन, रातों-रात साजिश रचकर टेंडर को रिजेक्ट कर दिया गया। उन्होंने सीधे तौर पर एफसीआई मैनेजर राजेश ग्रेवाल और डिवीजनल मैनेजर रविंद्र कुमार यादव पर पूंजीपतियों का पक्ष लेने और एसटी एवं एससी वर्ग के ठेकेदारों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। विकास ने बताया है कि जो काम कम दर पर किया जा सकता था, उसे मिलीभगत के कारण ऊंचे दामों पर चहेते ठेकेदारों को दिया जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ शासन को करोड़ों रुपये का वित्तीय नुकसान हो रहा है। विकास कुमार ने सवाल उठाया कि एक ओर सरकार एसटी एवं एससी वर्गों को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय छत्तीसगढ़िया ठेकेदारों को जानबूझकर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने इस बाबत कलेक्टर को शिकायत करते हुए सरकार से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और भ्रष्ट अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**खबर संक्षेप**

## शिको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के गवर्नेंस बॉडी की हुई बैठक

**महासमुंद।** कराते इंडिया आर्गेनाईजेशन एवं शिको काई कराते इंटरनेशनल इंडिया के अध्यक्ष हंशी भारत शर्मा निर्देशानुसार स्टाइल के छत्तीसगढ़ प्रदेश की गवर्नेंस बॉडी की महत्वपूर्ण बैठक भिलाई में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025 में स्टाइल के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं एवं सेमिनारों की समीक्षा करना तथा संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। बैठक में जिला स्तरीय स्टाइल की मान्यता, उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा संगठनात्मक अनुशासन की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान यह स्पष्ट निर्णय लिया गया कि बिना अनुमति एवं गैर-मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों अथवा पदाधिकारियों पर नियमानुसार प्रतिबंध (बैन) लगाया जाएगा, ताकि कराते खेल की गरिमा और अनुशासन बना रहे। गवर्नेंस बॉडी ने आगामी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की कराते प्रतियोगिताओं की तैयारी पर गंभीरता से चर्चा की। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए तकनीकी मानक, रेफरी व्यवस्था, प्रशिक्षण शिविर, चयन प्रक्रिया तथा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए विशेष योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण की समीक्षा की गई। संगठन की आर्थिक पारदर्शिता, भविष्य की गतिविधियों के लिए बजट प्रबंधन एवं संसाधनों के बेहतर उपयोग पर सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में प्रमुख अतिथि के रूप में बीबी नायडू कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन एवं जी अमर उपाध्यक्ष सीजीकेडीए, अशोक सिन्हा संयुक्त सचिव सीजीकेडीए, अजय वर्मा कार्यकारिणी सदस्य छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में महासमुंद बालक एवं बालिका टीम बनीं विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबाल एसोसिएशन द्वारा

- रग्बी चैंपियनशिप में महासमुंद को मिला दोनों वर्गों में विजेता का खिताब

8वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर (बालक एवं बालिका) रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 28 दिसंबर को पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग खेल मैदान में किया गया। जिसमें राज्यभर से 15 बालक एवं बालिका टीम ने हिस्सा लिया।

जिले की बालिका टीम ने अपने मैच जीतते हुए सेमीफाइनल में बिलासपुर को 29 अंकों से हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। जिसमें शिवानी, जिया व नंदनी ने शानदार गोल दाग कर टीम को जिताया। फाइनल मैच रायपुर एवं महासमुंद के मध्य खेला गया, जिसमें महासमुंद ने 12 अंकों से जीत हासिल किया एवं प्रतियोगिता की विजेता टीम बनीं। बालक टीम ने सेमीफाइनल में महासमुंद ने बालोद को 10 अंकों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल मैच कोरबा एवं महासमुंद के मध्य खेला गया, जिसमें महासमुंद ने कोरबा को 07 अंकों से बढ़त हासिल कर विजेता का खिताब जीता। मैच में अजय एवं विजय ने शानदार गोल कर बेहतर प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में महासमुंद जिले की दोनो टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालक टीम कोच डॉ. सुनील कुमार भोई एवं जगदीश धीवर शामिल रहे। विजेता बालक टीम में आदित्य भारती, भूपेंद्र साहू, झलक ध्रुव, यथार्थ रात्रे, विनय तारक, पुष्पेंद्र यादव, मयंक साहू, मनीष



कुर्रे, नैतिक शर्मा, गौरव सिंह, अजय प्रकाश साहू शामिल रहे। बालिका विजेता टीम में निशा ध्रुव, शिवानी बघेल, जिया खान, गीतांजलि साहू, प्रियंका साहू, मेघा चंद्राकर, नंदनी निषाद, जानवी चंद्राकर, सुहाना धीवर, श्वेता चंद्राकर, कंचन यादव, लोकेश्वरी चंद्राकर, कोच शुभांश शर्मा मैनेजर इंद्राणी भास्कर शामिल रहे। सभी खिलाड़ी अमावस, तुमगांव, अछोली, भोरिंग, बेलसोंडा आदि स्थानों में रहते हैं। रग्बी खेल का अभ्यास डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग द्वारा विद्यालय, तुमगांव, बेलसोंडा एवं आसपास क्षेत्र में वरिष्ठ सीनियर खिलाड़ियों के सहयोग से अभ्यास कराया जाता हैं। तुमगांव एवं भोरिंग में विभिन्न खेलों का अभ्यास कराया जाता हैं, जिसमें रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कुश्ती, टेबल टेनिस, खो खो, तलवारबाजी आदि शामिल हैं, जिससे माध्यम से खिलाड़ी बेहतर कौशल का प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी कर राज्य स्तर पर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं। प्रति वर्ष 150 खिलाड़ी राज्य स्तर पर एवं 40 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित करते हैं। दोनों टीम के विजेता बनने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज कुमार घृतलहरे, प्रियंका लवेश ढीढी, लीला लोकेश्वर साहू, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, हर्ष शर्मा, प्रीति त्रिभवन धीवर, भेखराम साहू, वेद प्रकाश साहू, कुनाल चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, लिशांशु साहू, शुभांश शर्मा, अभिषेक निर्मलकर, सेवन साहू, विनय यादव, भावेश, ओंकार निषाद, मनीष चौधरी, आशीष टंडन, देवेश साहू, अनुराग ध्रुव, प्रवीण, हितेश, गौरव साहू, उमेश निषाद, सतीश, प्रणव शर्मा, पार्थ शर्मा, गगन निर्मलकर, कुणाल जांगड़े, अभिषेक नेहरू, निवेश मन्नाडे, पॉल जान, समीर यादव, महेश, तेजराम, प्रीतम साहू, ममता धीवर, प्रांजलि भारती, पैरोज साहू, श्रेष्ठा कश्यप, मधु धृतलहरे, ख़ेमलता धीवर, लोचन साहू, रमेश साहू, अंकित साहू, दीपेश साहू, असवन मिरि, हितेंद्र ढीढी, आनंद टंडन, तेथिस चेलक, सतीश साहू, सावित्री ने हर्ष जताया है।

## समस्या : समिति प्रभारियों की बढ़ी परेशानी, उपार्जन केंद्रों में जगह तक नहीं

# परिवहन नहीं होने से खरीदी केंद्रों में धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी इन दिनों चल रही है। लेकिन, संग्रहण केंद्रों में धान जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। उठाव की गति धीमी होने के चलते केंद्रों में धान जाम हो गया है। धान खरीदी शुरू हुए लगभग डेढ़ माह हो गए है, इससे धान में सूखत आना स्वभाविक है। इधर, उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की परेशानी व चिंता बढ़ गई है। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के अंतर्गत आने वाले संग्रहण केंद्रों में धान की मात्रा तय बफर लिमिट से अधिक की खरीदी हो चुकी है। लेकिन, उठाव व परिवहन नहीं के बराबर है। यदि मिलर्स जल्द धान का परिवहन में तेजी नहीं लाया गया तो जनवरी माह में धान खरीदी प्रभावित भी हो सकता है। स्टेक फूल है और धान बोरियों की छल्ली लगाने जगह की कमी है। इसे शेष बचे किसानों को धान बेचने में परेशानी होगी। अब केवल



**जल्द ही धान का उठाव नहीं होने से खरीदी हो सकती है प्रभावित**

जनवरी माह में खरीदी के लिए लगभग 19 दिन शेष रह गए है। वही खरीदी केंद्र में खरीदी लिमिट कम होने से किसान धान बेच नहीं पा रहे अथवा सोसायटी में ऑफलाइन टोकन के लिए किसान ठिठुरन जैसे कड़कड़ाती ठंड में अलसुबह 5 बजे पहुंच जाते है। ऑनलाइन टोकन किसान काट तो रहे है, लेकिन 15 जनवरी के बाद ही धान बेचने का नंबर लग पा रहा है। जिला सहकारी केंन्द्रीय बैक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के 16 खरीदी केंद्रों के प्रभारी व प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र कोमाखान में कुल पंजीकृत कृषक 1223 में से 613 किसान ही लाभवंतित हुए है। नर्रा उपार्जन केंद्र में 1486 में से मात्र 676 किसान ही धान बेच चुके है। परसुली में 1447 में से केवल 550, साल्हेभांठा 750 में से 312, देवरी में 985 में से 415, खेमड़ा में 1080 में से 521, मोगरापाली में 978 में से 526, मुनगासेर में 1393 में से 583, घोटियापानी में 964 में से 394, पटपरपाली 1350 में से 736, गांजर में 952 में से 513, बांघामुड़ा में 1084 में से 492, बंसुलाडबरी में 1140 में से 539, कछारडीही में 1250 में से 520, बकमा खरीदी केंद्र में कुल 1099 में से 516 किसान ही धान विक्रय कर पाया है। इन 16 संग्रहण केंद्रों कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या 18795 में से 8377 किसान ही लाभान्वित हुए हैं। अब भी 10418 किसान बाकि है। खरीदी के लिए अब केवल 19 दिन का ही समय शेष है। इसके लिए खरीदी की लिमिट बढ़ाने की दरकार है। इन खरीदी केंद्रों में धान का उठाव व परिवहन नहीं होने से धान जाम सी हो गई है।

## तमनार में हुई घटना के लिए सरकार जिम्मेदार: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि



तमनार में यदि शासन की ओर से समय रहते संवाद किया जाता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। बल प्रयोग कर जबरदस्ती गिरफ्तारी की गई, भारी वाहनों को छोड़ा गया। जिसमें दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई, इसमें जो जिम्मेदार अधिकारी हैं उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए। ये सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है और इसका जिम्मेदार वहां का प्रशासन, विष्णुदेव सरकार और जिले के मंत्री ओपी चौधरी है। सरकार ने जानबूझकर लोगों को उकसाने का काम किया है। रायगढ़ के तमनार में हुई घटना के लिए सीधे तौर पर सरकार जिम्मेदार है। शांति का टापू कहे जाने वाले हमारे छत्तीसगढ़ को इस डबल नहीं विफल इंजन सरकार ने अशांत बना दिया है। पिछले दो वर्षों में नियम-क़ानून की धज्जियां उड़ाकर, असंवैधानिक हथकंडे अपनाकर गरीब ग्रामीणों की जमीनें छीनी जा रही है। फर्जी ग्राम सभाओं-जन सुनवाइयों, धन और बाहुबल के सहारे ग्रामीणों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। आज उसी का नतीजा है कि आमजन अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। छत्तीसगढ़ के लोग विकासशील और शांतिप्रिय हैं, पुलिस-प्रशासन ने इसका ग़लत फायदा उठाया और असंवेदनशीलता के साथ काम किया। मैं स्थानीय ग्रामवासियों से अपील करती हूँ कि वो शांति बनाए रखें और किसी भी उकसावे में न आएं। कोई आपकी एक इंच ज़मीन छीन नहीं सकता।

## इमलीभाठा में रामभक्तिमय कार्यक्रम व हिंदू सम्मेलन कल



**महासमुंद।** स्थानीय इमलीभाठा में 31 दिसंबर बुधवार को धर्म नगरी अयोध्या के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के द्वितीय वर्षगांठ पर भव्य भक्तिमय आयोजन एवं हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की ओर से टेकराम सेन ने बताया कि 31 दिसंबर को प्रातः 11 बजे स्थानीय मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। ठीक 12 बजे पूजन आरती व भोग प्रसाद का कार्यक्रम होगा। दोपहर 2 बजे से दिव्य ज्योति मानस मंडली अरेकेल नौगढ़ी (बसना) की आकर्षक प्रस्तुति होगी। इसी प्रकार लोक कलाकार विश्राम यादव एवं टीम (लोकरंग) बागबाहरा की मानस प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय मंडलियों को समय देने के पश्चात ठीक 6 बजे नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा महाआरती की जाएगी। गायत्री परिवार के महिलाओं एवं अन्य सदस्यों द्वारा शंखनाद की प्रस्तुति होगी। पश्चात भारत माता की आरती पूर्ण वंदे मातरम का गान एवं महाकाल टोली द्वारा डमरु वादन आकर्षण का केंद्र होगा। पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रखर वक्ताओं का उद्बोधन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन सत्र में वृंदावन व्यिालय, मां गायत्री विद्यालय, प्राथमिक शाला व अन्य बच्चों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर नयाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रम दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने डीआर सोनी, विजय चंद्राकर, एमआर विश्वनाथन, कृपाराम सागर, बंशी साहू, पार्षदगण माखन पटेल, जय देवांगन, सुनैना पप्पू ठाकुर, महावीर पवार, हनीश बग्गा, शैलेंद्र सोनी, प्रभा साहू, सुदामा मिश्रा, लालाराम साहू, महेश देवांगन, ओमप्रकाश, राजेश सोनी, संतोष, नेमीचंद देवांगन, पूरन देवांगन, दाऊलाल अग्रवाल, नीलमणि चंद्राकर, जीएस ठाकुर, एमआर रौतिया, छेदी राठौर जुटे हैं।

## भक्ति बचपन से ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह : आचार्य रामप्रताप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेघ बसंत कॉलोनी में विपिन सविता महंती एवं परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज (कोविद्) ने कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए। क्योंकि, बचपन कच्ची मिट्टी की तरह होता है, उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान शास्त्री ने जड़ भरत की कथा में कहा कि हमें कभी आशक्ति नहीं करना चाहिए। आशक्ति ही थी, जिसके कारण भरत महाराज को हिरण का जन्म मिला।



शास्त्री ने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया। साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। नगरवासी अत्यधिक संख्या में उपस्थित होकर पावन कथा का लाभ ले रहे हैं।

## जूनियर स्टार बेलसोंडा ने जीता फाइनल, हुलसी ने विजेता टीमों को बांटे पुरस्कार

**महासमुंद।** स्टार क्रिकेट क्लब बेलसोंडा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन न केवल हार-जीत का गवाह बना, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए खेल भावना और अनुशासन का प्रेरक उदाहरण भी पेश कर गया। फाइनल मुकाबले में जूनियर स्टार बेलसोंडा ने गोल्ड स्टार खरोरा को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी खरोरा की टीम मात्र 34 रनों पर सिमट गई, जिसे बेलसोंडा की टीम ने मात्र तीन ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी कर हासिल कर लिया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी मैदान पर कितनी ईमानदारी और अनुशासन के साथ खेलता है। विजेता टीम को 15,000 रुपए एवं उपविजेता टीम को 8,000 रुपए के साथ ट्रॉफी आयोजक समिति द्वारा प्रदान की गई। व्यक्तिगत प्रदर्शन में ऐमन यादव को मैन ऑफ द मैच, विपुल चंद्राकर को मैन ऑफ द सीरीज, विनय यादव को बेस्ट बॉलर और विनय रात्रे को बेस्ट फील्डर के खिताब से नवाजा गया, जिसकी राशि एवं ट्रॉफी जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर द्वारा प्रदान की गई। प्लेयर ऑफ़ दी सीरीज सरपंच द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रीत बाई धीवर, पंच कुंती धीवर, वीणा धीवर, हर्ष चंद्राकर सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष पंकज चंद्राकर, कोषाध्यक्ष जय यादव, सोहन चंद्राकर, भानू चंद्राकर, युगल चंद्राकर, हनी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।





## डाक जीवन बीमा क्लेम का 5 दिवस में त्वरित भुगतान, नॉमिनी को सौंपे गए चेक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारतीय डाक विभाग द्वारा संचालित डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना के अंतर्गत ग्राम बीर्रा निवासी मनोहर टोप्पो के बीमा दावों का भुगतान मात्र 5 दिवस के भीतर कर दिया गया। त्वरित कार्रवाई से परिजनों को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार मनोहर टोप्पो ने 29 मार्च 2018 एवं 3 मई 2018 को क्रमशः 5-5 लाख रुपए की दो डाक जीवन बीमा पॉलिसियां ली थीं। 25 अक्टूबर 2025 को घर के बाथरूम में फिसलकर गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उन्हें उपचार हेतु डीकेएसपीजी इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, रायपुर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान 30 अक्टूबर 2025 को उनका निधन हो गया। बीमाधारक की पत्नी एवं नामांकित (नॉमिनी) अनीता टोप्पो द्वारा 20 दिसंबर 2025 को दोनों पॉलिसियों के लिए मृत्यु दावा प्रस्तुत किया गया। विभागीय उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दावों का त्वरित निपटारा करते हुए मात्र पांच दिवस के भीतर भुगतान स्वीकृत किया गया। प्रवर अधीक्षक हरीश महावर द्वारा अनीता टोप्पो को क्रमशः 7 लाख 17 हजार एवं 7 लाख 14 हजार रुपए के दो चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर डाक विभाग की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की गई।

## चार साहिबजादों की शहादत पर गौ रक्षा अभियान का आयोजन

**महासमुंद।** गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह,




जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की अमर शहादत की स्मृति में स्वान यूथ क्लब महासमुंद द्वारा 28 दिसंबर 2025 को गौ रक्षा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब में नमन एवं अरदास के साथ हुई, जिसके पश्चात लोहिया चौक से महासमुंद के समस्त प्रमुख क्षेत्रों में बड़े-बड़े समूह बनाकर गौ रक्षा अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रही गायों को सुरक्षा बेल्ट पहनाई गई, जिससे रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं से उनकी रक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह अभियान पूरे महासमुंद में एक साथ, योजनाबद्ध एवं अनुशासित रूप से संचालित किया गया, जिसमें युवाओं का अभूतपूर्व उत्साह और समाज के प्रति संवेदनशीलता देखने को मिली। कार्यक्रम का समापन मचेवा ग्राम में सामूहिक एकत्रीकरण एवं सेवा संकल्प के साथ हुआ।

**महासमुंद में गठित प्रमुख सेवा समूह एवं उनके मार्ग**

ग्रंथ चोपड़ा ग्रुप में सदस्य लक्ष्य यादव, भविष्य चंद्राकर, लकी शिवहरे, गुपेंद्र साहू रायपुर रोड बेलसोंडा। साहिल शर्मा ग्रुप में सदस्य डेविड निषाद, गुलशन चंद्राकर, शिवम दुबे, आनंद साहू मार्गः बीटीआई रोड मचेवा। हिमांशु साहू समूह में सदस्य गुलशन चंद्राकर, साहूमान साहू, नागेंद्र सिन्हा एवं मछुआरा समाज के सदस्य मार्गः ओवरब्रिज तुमगांव मार्ग। सोहन साहू ग्रुप में सदस्य धनराज साहू, वैभव साहू, पुष्पेंद्र साहू, लावण्या दीवान मार्गः बरौंदा चौक राजिम रोड। स्वान यूथ क्लब के अध्यक्ष निलेश तिवारी, उपाध्यक्ष अनुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव एवं मीडिया प्रभारी ग्रंथ चोपड़ा, सहसचिव साहिल शर्मा शामिल है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज, जिले में पहली बार आयोजन

# पिथौरा में जिला स्तरीय फुटबॉल प्रीमियर लीग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा


खेल गतिविधियों के लिए अपनी विशेष पहचान रखने वाले पिथौरा नगर में खेल जगत का एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। जिले में पहली बार आयोजित की जा रही पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग (पीएफएल) का शुभारंभ 29 दिसंबर से शहीद भगत सिंह खेल मैदान पिथौरा में किया गया। तीन दिवसीय इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले की स्थानीय फुटबॉल प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण मंच प्रदान करना है।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा रिक्की, वरिष्ठ पार्षद मन्नूलाल ठाकुर, संदीप सेन, पुष्पकांत पटेल, वरिष्ठ खिलाड़ी एवं शिक्षक सुधीर प्रधान, विनोद सिन्हा, अनूप टांडी एवं दीपक सिन्हा मंचासीन रहे। पीएफएल 2025 में जिलेभर से चयनित कुल 60 अंडर-19 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



इन खिलाड़ियों को रेड, ग्रीन, ब्ल्यू एवं येलो नामक चार टीमों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता लीग प्रारूप में आयोजित की जा रही है, जिससे दर्शकों को लगातार रोमांचक और उच्च स्तरीय फुटबॉल मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजन को लेकर युवाओं एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

प्रतियोगिता में मेंटोर एवं प्रशिक्षक के रूप में राजेश साहू, नारायण गबेल, गौरी शंकर पटेल एवं योगेश सोनवानी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आयोजन को सफल बनाने में खेल संघ के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक पार्षद कौशल दास मानिकपुरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनके मार्गदर्शन, समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता से प्रतियोगिता का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है। आयोजकों का कहना है कि पिथौरा फुटबॉल प्रीमियर लीग के माध्यम से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को नई पहचान मिलेगी तथा पिथौरा में खेल संस्कृति को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी। यह आयोजन आने वाले समय में जिले में फुटबॉल के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।



हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
हरिभूमि
के सफलतम
24 वर्ष
पूर्ण करने पर
हार्दिक बधाई
द्वारिकाधीश यादव
अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी एवं विधायक खल्लारी
जिला-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
सौजन्य : एक शुभचिंतक

## खबर संक्षेप



### नववर्ष पर शहीद स्मारक में दीप अवश्य जलाएं

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नववर्ष पर अमर वीर शहीदों के नाम से एक दीप अवश्य जलाएं। उन्होंने कहा कि अमर वीर शहीदों ने भारत देश के लिए अपना बलिदान दिया है। भारत मां की आन-बान व शान के लिए वे हंसते-हंसते शहीद हो गए है। इस नववर्ष पर शहीदों को याद करते हुए एक दीपक जरूर जलाएं। उन्होंने स्मारक के आसपास स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया।



### छिंदौली में गुरु घासीदास की जयंती व मेला कल

**झलप।** ग्राम पंचायत छिंदौली में 31 दिसंबर बुधवार को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह एवं मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 2 बजे से पंथी कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें प्रथम प्रस्तुति गुरु अमरदास पंथी पार्टी (ग्राम मुरकी) एवं द्वितीय प्रस्तुति ज्ञान के ज्योति बालिका पंथी पार्टी (ग्राम धनसुली) द्वारा दी जाएगी। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। रात्रि में लोक कला मंच लोक रंजनी किरण भारती का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।



### बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं सतनाम यात्रा में शरीक हुई हुलसी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं पावन सतनाम यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष महासमुंद हुलसी जितेंद्र चंद्राकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बाबा के विचार आज भी समाज को सत्य, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सतनाम पंथ की शिक्षाओं को सामाजिक समरसता और भाईचारे की मजबूत नींव बताया। हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने आयोजन के लिए समस्त आयोजकों, श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और कामना की कि बाबा गुरुघासीदास की शिक्षाएं समाज को सदैव सही दिशा प्रदान करती रहें।





**श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया**

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा हैं। कथा के चौथे व पांचवे दिन कथाव्यास आचार्य पंडित दीपक शर्मा ने प्रहलाद, गजगृह युध्द, समुद्र मंथन, वामन अवतार व पांचवे दिन राजा हरिश चंद्र, राम अवतार, कृष्ण जन्म कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया।

कृष्ण जन्म उत्सव में झूम उठे श्रद्धालुओं ने शंख व भक्ति धुन के साथ पूजा आरती किया। नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा कृष्ण व सुदामा की आकर्षक झांकियां सजाईं गईं। इस दरम्यान भक्त दर्शन के लिए उमड़े रहे। दही लूट,



मटकी फोड़ के साथ भगवान के बाल रूप का चित्रण किया। कार्यक्रम स्थल नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारों से गुंजायमान रहा। आचार्य ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान कृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। महिलाओं ने भक्ति गीतों और आरती के साथ पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर आयोजक सरपंच चंदन चंद्राकर, डॉ भारती चंद्राकर, लोचन चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, दीपिका चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, प्रज्ञा चंद्राकर, उमेश चंद्राकर, रूपदास वैष्णव, चोवाराम साहू, बलदाऊ साहू, ईश्वर साहू, पवन साहू, लेखूराम चंद्राकर, राधे पटेल, रवि चंद्राकर सहित ग्रामीण धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

**आक्रोश : भाजयुमो ने फूंका भूपेश बघेल का पुतला**

# कांग्रेस पार्टी के नेता भगवान श्रीराम के विरोधी: भाजयुमो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के नेहरू चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सनातन विरोधी भूपेश बघेल एवं टीएस सिंहदेव का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता हमेशा सनातन धर्म और साधु-संतों का अपमान करते रहे हैं। सनातन धर्म का विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कई कांग्रेसी नेताओं ने किया है। भूपेश बघेल अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा एवं पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का विरोध कर रहे है, इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं को इनका विरोध करने का स्क्रीप्ट किसी ने दिया हो।



इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा जिला मंत्री मनीष बंसल, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, महिला मोर्चा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष सुधा साहू, रमेश साहू, संदीप घोष, पंकज चंद्राकर, भाऊ राम साहू, राजू चंद्राकर, शुभ्रा शर्मा, मैना कोसले, मनीष शर्मा, पार्षद माखन पटेल, निश्चय चंद्राकर, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, गोविंद ठाकुर, नईम खान, उषा पाल, भगवती करकसे, शरद मदनकार, गोविंद ठाकुर, चंद्रबदन मिश्रा, गोपी कन्नौजे, अजय चोपड़ा, भाजयुमो प्रदेश विधि एवं तकनीकी प्रमुख प्रणय, विधि एवं तकनीकी सह प्रमुख मिलिंद चंद्राकर, भाजयुमो जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी अमन वर्मा, सुमीत जैन, भाजयुमो पूर्व जिला महामंत्री दिनेश रूपरेला, नरेश नायक, राजा अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राकेश सचदेव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, पंकज जैन, पूनम निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, मंडल महामंत्री द्वय जतिन रूपरेला, खुशाल ठाकुर, अमित साहू, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, अमित राय, कुशल साहू, आयुष दुबे, लिलेश साहू, शुभम बाघ, पवन साहू, प्रवीण चंद्राकर, विनय ठाकुर, समीर, निखिल केला, राहुल जोशी, आनंद दीवान सहित भारी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सुचारू रूप से धान खरीदी व्यवस्था जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम झालखम्हरिया सेवा सहकारी समिति में सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था के कारण किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। समिति में आफ लाइन और ऑनलाइन टोकन व्यवस्था नियमित रूप से लागू की गई है, जिससे धान विक्रय के दौरान न तो भीड़ है और न ही भगदड़ की स्थिति। किसान पूरी सुविधा और संतोष के साथ अपना धान विक्रय कर रहे हैं।

समिति प्रबंधक भोज राम साहू ने बताया कि आज कुल 24 किसानों के टोकन काटे गए, जिनके माध्यम से 1090 क्विंटल धान की खरीदी की गई। अब तक समिति में 27,482 क्विंटल धान की सफलतापूर्वक खरीदी हो चुकी है। वर्तमान में लगभग 50 प्रतिशत किसान धान विक्रय कर चुके हैं, जिसमें 535 किसान शामिल हैं। समिति में कुल 1077 किसान पंजीकृत हैं। धान उठाव की व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है। अब तक लगभग 50 प्रतिशत धान का उठाव हो चुका है और परिवहन या भंडारण



में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। धान विक्रय के लिए पहुंचे युवा किसान देव कुमार साहू ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन टोकन के माध्यम से बिना किसी परेशानी के 105 कट्टा (लगभग 42 क्विंटल) धान विक्रय के लिए लाया है। उनकी लगभग 2 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने कहा कि समिति में पर्याप्त मात्रा में हमाल उपलब्ध हैं, जिससे धान तौल एवं उठाव में समय की कोई बर्बादी नहीं होती। पूरी प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। धान विक्रय के बाद किसानों के बैंक खातों में राशि का अंतरण किया जा रहा है।

# नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप महाराष्ट्र के लिए हेमांशु का चयन

**महासमुंद।** 6वीं सब-जूनियर एवं सीनियर बी नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला का आयोजन अहिल्यानगर महाराष्ट्र में 30 दिसंबर से 02 जनवरी 2026 तक किया गया है। जिले से सब जूनियर नेशनल में हेमांशु साहू पिता पूरन प्रकाश साहू, माता जानकी साहू वार्ड नंबर 7 महासमुंद का चयन 10 से 14 वर्ष बालक वर्ग में हैंड बैलेंस इंडिविजुअल इवेंट एवं ट्रेडिशनल योगासन ग्रुप में हुआ हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की टीम महाराष्ट्र के लिए 28 दिसंबर को रवाना हुई। इससे पहले हेमांशु ने 6वीं सब-जूनियर राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में किया गया था। जिसमें स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया था। जिसके आधार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप महाराष्ट्र के लिए चयन हुआ है।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मेजर सिंह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, उपाध्यक्ष हिरेंद्र देवांगन, सचिव गणेश राम कोसरे, सह सचिव तोरण यादव, कोषाध्यक्ष सेवन दास मानिकपुरी, प्राचार्य देवेंद्र अगवाले, वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू, एल कुरील, केआर साहू, सिद्धांत, प्रशिक्षक कामता प्रसाद साहू, डोलेश होता, सत्यनारायण ठाकुर, हिरेंद्र साहू, छन्नू साहू, वेदराम, नीलम साहू, प्रभा साहू, वैशाली ठाकुर, तृषा शर्मा, इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू, नेहा नायक, सत्यनारायण दुर्गा, रामेश्वरी दीवान, संदीप पटले, दीपांशु, प्रियांशु पटले, भरत साहू, ओंकार साहू, देवेंद्र दीवान एवं पालकों ने हर्ष जताया है।

# एडवेंचर कैंप पचमढ़ी के लिए पिथौरा से 25 स्काउट-गाइड रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर पचमढ़ी (मध्यप्रदेश) में शामिल होने के लिए विकासखंड पिथौरा के 25 स्काउट-गाइड एवं 2 प्रभारी 29 दिसंबर से 2 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले शिविर के लिए रवाना हुए। विकासखंड स्काउट-गाइड संघ पिथौरा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी एवं संजय गोयल ने हरी झंडी दिखाकर कैंपर टीम को रवाना किया। इस मौके पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त



(स्काउट) संतोष कुमार साहू, जिला सह सचिव राजीव कुमार तिवारी, जिला क्वार्टर मास्टर श्राम कुमार नायक, ब्लॉक सचिव झनेश कुमार साहू, वरिष्ठ स्काउटर नरेश नायक एवं गाइडर सुकांति नायक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त शिविर में विकासखंड पिथौरा के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 25 स्काउट-गाइड भाग ले रहे हैं। वहीं विकासखंड प्रभारी के रूप में स्काउटर एवं ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार निषाद तथा गाइडर मुस्कान वर्मा भी टीम के साथ शामिल हैं।

# ऑयल पॉम रोपण को दिया जा रहा बढ़ावा, केंद्र-राज्य सरकार से मिलेगी अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता लाने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल के तहत ऑयल पॉम रोपण को बड़ा बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के एक लाख 30 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर के अनुदान के साथ अब छत्तीसगढ़ शासन ने 69,620 रुपए का अतिरिक्त अनुदान देने का निर्णय लिया है, जिसमें जिले के किसानों को इस मुनाफे वाली फसल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकें।

उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक पायल साव ने बताया कि जिले में उद्यानिकी विभाग के माध्यम से ऑयल पॉम रोपण को बढ़ावा देने के लिए नई अनुदान नीति लागू की गई है। ऑयल पॉम एक ऐसी दीर्घकालीन फसल है, जिसमें एक बार रोपण के चौथे वर्ष से पैदावार शुरू होकर 30 वर्षों तक निरंतर आय प्राप्त होती है। पारंपरिक तिलहनी फसलों की तुलना में इसकी तेल उत्पादन क्षमता चार से छह गुना अधिक है। किसानों की शुरुआती लागत कम करने के लिए राज्य शासन ने विभिन्न घटकों में वृद्धि की है। अब रखरखाव मद में 6750



रुपए, अंतरवर्तीय फसलों के लिए 10,250 रुपए और ड्रिप सिंचाई के लिए कुल 22,765 रुपए का अनुदान मिलेगा। सबसे महत्वपूर्ण पौधों को जानवरों से बचाने के लिए, फेंसिंग के लिए, प्रति हेक्टेयर 54,485 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। ऑयल पॉम में रोगों का प्रकोप न्यूनतम रहता है और यह कम श्रम में अधिक लाभ देने वाली फसल है। ऑयल पॉम की खेती किसानों के लिए लंबी अवधि का निवेश है। इसकी खेती में शुरू के 3-4 साल की गेस्टेशन अवधि के बाद रखरखाव बेहद कम हो जाता है। अन्य तिलहन फसलों के मुकाबले इसमें मेहनत कम और बाजार में मांग अधिक है, जिससे कृषकों को दशकों तक स्थाई आर्थिक लाभ मिलना सुनिश्चित होता है। केंद्र के 1.30 लाख अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा फेंसिंग, ड्रिप और रखरखाव मद में 69,620 रुपये तक का टॉप-अप अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान उद्यानिकी विभाग के स्थानीय अधिकारियों से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है।

**तेंदूकोना मंडल में हुआ कार्यक्रम, आसपास गांव के लोग पहुंचे**

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

स्थानीय साहू समाज भवन में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ समस्त अतिथियों द्वारा भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मोर मयारु किसान कौसरा द्वारा देशभक्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भुनेश्वर साहू (सामाजिक कार्यकर्ता) ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा एवं समाज जागरण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्व पर





प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सबकी एकता का आधार भारत माता हैं, हम सब इसके पुत्र हैं। सभी हिंदू सहोदर भाई हैं कोई भी पतित नहीं हैं। डॉक्टर हेडगेवार ने हिंदू समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। त्रिलोक शर्मा (धर्म जागरण जिला संयोजक) ने कहा कि पूरे विश्व में केवल हिंदू ही सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की बात करता हैं। वसुधैव कुटुंबकम् की बात केवल हिंदू समाज करता हैं। हिंदू समाज जाती, पंथ, भाषा, वर्ग भेद से ऊपर उठकर एक होना पड़ेगा। जाह्नवी साहू (तहसील उपाध्यक्ष साहू समाज) ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्य का विषय रखा। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई। तत्पश्चात सहभोज भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पिलेश्वर पटेल अध्यक्ष हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति एवं आभार प्रदर्शन धनंजय साहू मंडल कार्यवाह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में रिंकू बैरागी सह जिला कार्यवाह, राम नारायण साहू जिला प्रचार प्रमुख, यशवंत साहू खंड कार्यवाह, मोहन साहू सह खंड कार्यवाह, महेश्वर सेन, महेश वैष्णव, दुर्गा वस्त्रकार, विनोद यादव, हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के उपाध्यक्ष चिंताराम साहू महिला उपाध्यक्ष जीवनी साहू, कोषाध्यक्ष उज्ज्वल अग्रवाल सहित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में तेंदूकोना मंडल के 19 गांव के हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नयापारा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में महासमुंद के नयापारा जिसे वीर शिवाजी बस्ती कहा जाता है, वहां हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन नयापारा में स्थित तरणी मंदिर के पास हुआ। जात-पात की करो विदाई हिंदू-हिंदू भाई-भाई के स्लोगन के साथ हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस सम्मेलन में नयापारा के सभी स्थानों से व्यक्ति सम्मिलित हुए। समिति के सचिव पवन विश्वकर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम हिंदू समाज को एक करने का कार्य है और नयापारा में इस प्रकार का आयोजन आगे भी किया जाएगा। हिंदू सम्मेलन में स्थानीय




बालक एवं बालिकाओं द्वारा धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भूपेंद्र राठौर वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित थे, जिन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विषय में जानकारी दी। महिला वक्ता के रूप में प्रीति कर्माकर उपस्थित थे, जिन्होंने पांच परिवर्तन अर्थात समाज में होने वाले पांच परिवर्तन के बारे में विषय रखा और हिंदुत्व का विषय श्रीराम जानकी मंदिर के पुरोहित नारायण वैष्णव ने रखा। सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह देवांगन, उपाध्यक्ष मीना वर्मा, सचिव पवन विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मिथिलेश बोयर, सदस्य ललित मांझी, अनंत बघेल, दिव्यांश सिन्हा, गोपीकिशन, वंदना सेन, प्रियंका मानिकपुरी, तारिणी सिन्हा, जय सिन्हा, हेमकांति देवांगन एवं समस्त मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।